सं. टीएफसी/07/2015

भारत सरकार

उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण मंत्रालय

खाद्य और सार्वजनिक वितरण विभाग

(भण्डारण-II अनुभाग)

कृषि भवन, नई दिल्ली

दिनांक: 04 जुलाई , 2024

<u>रिक्ति परिपत्र</u>

भारत सरकार द्वारा भांडागारण (विकास एवं विनियमन) अधिनियम, 2007 के प्रावधानों के अंतर्गत गठित भांडागारण विकास एवं विनियामक प्राधिकरण (डब्ल्यूडीआरए) में सदस्य का एक पद भरने के लिए आवेदन आमंत्रित किए जाते हैं। वेतन, पात्रता मानदंड, आयु सीमा, कार्यकाल आदि के ब्यौरे सहित रिक्ति परिपत्र एवं आवेदन प्रपत्र इस विभाग की वेबसाईट http:dfpd.nic.in पर प्रदर्शित किया गया है। सरकार/सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों/स्वायत्तशासी निकायों आदि में कार्यरत आवेदकों को अपना आवेदन अपने विगत 5 वर्षों कि वार्षिक कार्य निष्पादन रिपोर्टों की प्रमाणित फोटोप्रतियों, सत्यनिष्ठा प्रमाण पत्र, विगत दस वर्षों का कोई दंड नहीं प्रमाण पत्र, सतर्कता अनापत्ति प्रमाणपत्र और सहायक दस्तावेजों की स्वप्रमाणित प्रतियों के साथ उचित माध्यम से भेजना चाहिए, ताकि यह अधोहस्ताक्षरी (कमरा सं. 184, कृषि भवन, नई दिल्ली) के पास एम्प्लोयमेंट न्यूज़/रोजगार समाचार में प्रकाशित होने की तारीख से 45 दिनों के भीतर पहुंच जाए। सभी तरह से पूर्ण आवेदन उपर्युक्त समय सीमा के भीतर ई-मेल द्वारा jsstg.fpd@nic.in पर भी भेजा जा सकता है। आवेदन, आवेदन प्राप्त करने की अंतिम तारीख को अपराह्न 5.00 बजे तक ही प्राप्त होने पर स्वीकार किए जाएंगे। आवेदन प्रपत्र विभाग की वेबसाईट से डाऊनलोड किया जा सकता है अथवा अधोहस्ताक्षरी के कार्यालय से प्राप्त किया जा सकता है।

अनिता कर्ण

(अनिता कर्ण)

संयुक्त सचिव, भारत सरकार

दूरभाष: 23382956

CBC 08201/11/0001/2425